515(E)
21/01/2026

# पथ निर्माण विभाग

## दिनांक 21/01/26 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

पथ प्रमंडल, मोतिहारी के अन्तर्गत Construction of Hard Shoulder with Paver Block along the Raxaul-Chauradano Branch Canal Service Road (Km. 0.00 to Km. 13.00) for the year 2025-26 कार्य की पुनर्निविदा के तकनीकी बीड, जिस पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा प्राप्त है, पर अनुमोदन हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थितिः**

(i) श्री पंकज कुमार पाल, सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(ii) श्री उमाकान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iii) श्री अनिल कुमार सिंह, मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iv) श्री मजीद अहमद, आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के ज्ञापांक–3402(अनु०) दिनांक–12.11.2025 के माध्यम से प्राप्त दिनांक–12.11.2025 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही, अनुशंसा एवं संलग्न जाँच–पत्र में अंकित सूचनाओं एवं विभागीय पत्रांक–8470(E)We दिनांक–18.12.2025 द्वारा दिए गए निदेश के आलोक में मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–3917(अनु०) दिनांक–31.12.2025 द्वारा समर्पित वांछित अभिलेखों/कागजातों के आधार पर विवरणी निम्नवत् है:–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम | : | Construction of Hard Shoulder with Paver Block along the Raxaul-Chauradano Branch Canal Service Road (Km. 0.00 to Km. 13.00) for the year 2025-26 |
| 2.2 | योजना मद | : | 5054 |
| 2.3 | निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम | : | पथ प्रमंडल, मोतिहारी। |
| 2.4 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹970.20 लाख।<br>विभागीय ज्ञापांक–7588(एस०) दिनांक–29.08.2025 |
| 2.5 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹1035.47 लाख<br>मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–2962(अनु०) दिनांक–12.09.2025 |
| 2.6 | परिमाण विपत्र की राशि | : | ₹991.11989 लाख। |
| 2.7 | कार्य समाप्ति की अवधि | : | 06 (Six) Months |
| 2.8 | निविदा की प्रक्रिया | : | ई–टेंडरिंग (SBD) |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.9 | निविदा प्राप्ति की तिथि | : | 09.10.2025 |
| 2.10 | प्राप्त निविदा की संख्या | : | 02 (दो) अद्द यथा:– |
| | (i) Sai Construction | | (ii) Barhonia Engicon Private Limited |
| 2.11 | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा तकनीकी बीड निष्पादन का प्रसंग | : | मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना का ज्ञापांक–3402(अनु०) दिनांक–12.11.2025 |
| 2.12 | परिवाद की स्थिति | : | परिवाद प्राप्त नहीं है। |
| 2.13 | प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण | : | पुनर्निविदा है। प्रथम बार निविदा में एकल निविदाकार द्वारा भाग लेने के फलस्वरूप PWD Code के नियम–163(2) एवं इसके आलोक में निर्गत विभागीय पत्रांक–6367(E)We दिनांक–10.09.2018 के आलोक में पुनर्निविदा आमंत्रित किया गया। |

3. अधीक्षण अभियंता, पथ अंचल, मोतिहारी के पत्रांक–1388(अनु०) दिनांक–17.10.2025 से उक्त निविदा का तकनीकी बीड प्राप्त हुआ है।

इस पुनर्निविदा में दो निविदाकारों द्वारा भाग लिया गया है। सभी निविदाकारों द्वारा निविदा के साथ वांछित अग्रधन की राशि जमा किया गया है, जिसका सत्यापन कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमण्डल, मोतिहारी द्वारा करा लिया गया है।

जाँचोपरान्त पाया गया कि दो निविदाकारों में से एक निविदाकार यथा Barhonia Engicon Private Limited निविदा की वांछित अर्हत्ता को पूर्ण करते है।

शेष एक निविदाकार यथा Sai Construction द्वारा Earnest Money के रूप में समर्पित Bank Guarantee की वैधता 147 दिन है, जबकि SBD के ITB-Cl.16 एवं NIT के क्रमांक–14 के अनुसार Bank Guarantee की वैधता 165 दिन वांछित है। साथ ही इनके द्वारा 09 माह कार्यावधि के लिये Programme of Construction निविदा में संलग्न किया गया है, जबकि निविदित कार्य हेतु कार्यावधि 06 माह निर्धारित है।

4. **<u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का निर्णय :–</u>**

4.1 पथ प्रमंडल, मोतिहारी के अन्तर्गत रक्सौल–छौड़ादानों पथ ब्रांच केनाल सर्विस पथ (कि०मी० 0.00 से कि०मी० 13.00) के दोनों तरफ पेभर ब्लॉक सहित हार्ड सोल्डर निर्माण कार्य की पुनर्निविदा में दो निविदाकारों में से एक निविदाकार यथा Barhonia Engicon Private Limited निविदा की वांछित अर्हत्ता को पूर्ण करते है। अतः इन्हें तकनीकी बीड में सफल घोषित किया जाता है। शेष एक निविदाकार Sai Construction को NIT के क्रमांक–14, SBD के ITB-Cl.16 एवं SBD के ITB-Cl.4.3(1) के आलोक में तकनीकी बीड में असफल घोषित करने का निर्णय लिया जाता है। साथ ही इस पुनर्निविदा में एकल निविदाकार के सफल घोषित हाने के फलस्वरूप बिहार लोक निर्माण संहिता के नियम–163 के आलोक में विभागीय निविदा समिति का अनुमोदन प्राप्त करने हेतु निर्णय लिया गया।

5. <u>विभागीय निविदा समिति का निर्णयः</u>

5.1 मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–3402(अनु०) दिनांक–12.11.2025 से प्राप्त दिनांक–12.11.2025 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही, अनुशंसा तथा इसके साथ संलग्न जाँच–पत्र में अंकित की गई सूचनाओं एवं विभागीय पत्रांक–8470(E)We दिनांक–18.12.2025 द्वारा दिए गए निदेश के आलोक में मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–3917(अनु०) दिनांक–31.12.2025 द्वारा समर्पित वांछित अभिलेखों/कागजातों के आधार पर विभागीय निविदा समिति का अनुमोदन निम्नवत् है :–

5.2 पथ प्रमंडल, मोतिहारी के अन्तर्गत Construction of Hard Shoulder with Paver Block along the Raxaul-Chauradano Branch Canal Service Road (Km. 0.00 to Km. 13.00) for the year 2025-26 कार्य के लिए प्राप्त पुनर्निविदा के तकनीकी बीड पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा के आलोक में प्राप्त दो निविदाकारों में से एक निविदाकार यथा Sai Construction को, NIT के क्रमांक–14, SBD के ITB-Cl.16 एवं SBD के ITB-Cl.4.3(1) के आलोक में तकनीकी बीड में असफल एवं शेष एक निविदाकार यथा Barhonia Engicon Private Limited को निविदा की वांछित अर्हत्ता पूर्ण करने के कारण बिहार लोक निर्माण संहिता के नियम–163(3) के तहत् पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में सफल घोषित करने का निर्णय लिया जाता है।

5.3 विभागीय आदेश–141–सह–पठित ज्ञापांक–5355(एस) दिनांक–28.10.2021 के आलोक में तकनीकी बीड में सफल निविदाकार का वित्तीय बीड खोलने एवं तदोपरान्त वित्तीय बीड की तुलनात्मक विवरणी निविदा निष्पादनार्थ विभागीय निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्णय लिया जाता है। बशर्ते उक्त विभागीय निदेश के अनुसार निर्धारित अवधि दो दिनों में इस निविदा में शामिल किसी निविदाकार का परिवाद/आपत्ति प्राप्त न हो। यदि परिवाद प्राप्त होता है, तो सक्षम स्तर से परिवाद निष्पादन के उपरान्त ही वित्तीय बीड खोला जायेगा।

5.4 विभागीय निविदा समिति की इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 21/01/26<br>(मजीद अहमद)<br>आन्तरिक<br>वित्तीय सलाहकार,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | 21/01/26<br>(अनिल कुमार सिंह)<br>मुख्य अभियंता,<br>उत्तर,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | 21/01/26<br>(उमाकान्त रजक)<br>अभियंता प्रमुख–सह–अपर<br>आयुक्त–सह–विशेष सचिव<br>(कार्य प्रबंधन),<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (पंकज कुमार पाल)<br>सचिव,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। |

ज्ञापांकः प्र0–7/निविदा–03–237/2025 515(E) पटना, दिनांक 21/01/2026

**प्रतिलिपिः**– मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/आई०टी० मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

21/01/26
(उमाकान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार पटना।

निर्गत शाखा
21/01/26